हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

11 बच्चों ने देशभक्ति नृत्य एवं रचनात्मक कला प्रतियोगिताओं में बिखेरे प्रतिभा के रंग



12 पेंटिंग और फुटबॉल प्रतियोगिता के जरिए बच्चों को पढ़ाया नशा मुक्ति व साइबर सुरक्षा का पाठ



खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना के मामले में पति गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी विवाहिता कुसुमलता की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों में समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने 7 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में हिसार के नारनौद निवासी बबलू को गिरफ्तार किया है।

सड़क हादसे का आरोपी चालक काबू

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गत 23 सितंबर को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई थी। चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस केस में पुलिस ने यूपी के गौरेया निवासी आफताब को गिरफ्तार किया है। उसका ट्रक भी कब्जे में लिया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

मारपीट मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल के बयान पर पुलिस ने गत 3 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने लाठी-डंडों से मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने रोहित और विश्वास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

जुआ खेलने के आरोप में पांच काबू, नकदी बरामद

कोसली। थाना कोसली पुलिस ने गुडियानी गांव में जुआ खेलने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ताश व नकदी बरामद की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुडियानी की पुरानी मस्जिद के पास एक खाली टूटी हुई दुकान में कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने सूचना के बाद तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपियों को काबू का लिया। आरोपियों में गुडियानी निवासी नरेन्द्र, कपिल, शेरसिंह, दीपक व होशियार शामिल हैं। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से ताश के पत्ते व 5850 रुपये बरामद हुए। पांचों आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

जुआ खेलने के आरोप में पांच काबू, हजारों रुपये नकदी बरामद

कोसली। थाना कोसली पुलिस ने गुडियानी गांव में जुआ खेलने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ताश व नकदी बरामद की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुडियानी की पुरानी मस्जिद के पास एक खाली टूटी हुई दुकान में कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने सूचना के बाद तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपियों को काबू का लिया। आरोपियों में गुडियानी निवासी नरेन्द्र, कपिल, शेरसिंह, दीपक व होशियार शामिल हैं। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से ताश के पत्ते व 5850 रुपये बरामद हुए। पांचों आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

मंगलवार को कोसली विकास मंच के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने पैदल मार्च कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नया बस स्टैंड बनने से पहले नामकरण को लेकर विवाद गरमाया, कोसली-भाकली के ग्रामीण आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

कोसली और भाकली गांव के बीच सरकारी परियोजनाओं के नामकरण को लेकर चला आ रहा विवाद एक बार फिर तूल पकड़ने लगा है। करीब 11 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए बस स्टैंड के सब-डिपो के नामकरण को लेकर दोनों गांवों की ओर से मांगें उठने लगी हैं। मंगलवार को कोसली विकास मंच के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने मिनी सचिवालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा तथा निमार्णाधीन बस स्टैंड का नाम कोसली ही रखने की मांग की। कोसली विकास मंच के अध्यक्ष तेजपाल यादव ने कहा कि बस स्टैंड पहले से ही कोसली के नाम से संचालित था। भवन जर्जर होने के कारण अब इसका दोबारा निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में इसके नाम में बदलाव करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि कोसली उपमंडल मुख्यालय है और यहां आसपास के क्षेत्र के लोगों की सुविधाओं के लिए सरकार विभिन्न परियोजनाएं स्थापित करती है। इन परियोजनाओं के लिए आसपास की जमीन अधिग्रहित की जाती है, लेकिन उनका नाम उपमंडल मुख्यालय के नाम पर ही रखा जाता है। तेजपाल ने बताया कि कोसली और भाकली के बीच परियोजनाओं के नामकरण को लेकर पहले भी आपसी सहमति बन चुकी है। परियोजनाओं के नामकरण को लेकर भविष्य में विवाद नहीं करने पर सहमति दी गई थी। इसके बावजूद अब निमार्णाधीन बस स्टैंड का नाम बदलने की मांग उठाई जा रही है।





रेवाड़ी। बस स्टैंड के नामकरण को लेकर पैदल मार्च करते लघु सचिवालय जाते ग्रामीण, बस स्टैंड के नामकरण को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

भाकली के ग्रामीण 21 अक्टूबर को दे चुके ज्ञापन

गांव भाकली के ग्रामीण निर्माणाधीन बस स्टैंड का नाम शहीद सत्यप्रकाश के नाम पर रखने की मांग कर रहे है। इस संबंध में वे गत 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन भी दे चुके है। उन्होंने बस स्टैंड का उद्घाटन भी शहीद सत्यप्रकाश नाम से ही करने की मांग की थी। दोनों गांवों के ग्रामीणों की मांग के बाद बस स्टैंड के नामकरण को लेकर मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है।


विधायक रख चुके बस स्टैंड की आधारशिला

कोसली के विधायक अनिल यादव ने गत 16 अक्टूबर को नए बस स्टैंड के सब-डिपो का भूमि पूजन किया था तथा कार्य शुरू करने की आधारशिला रख चुके है। परियोजना का निर्माण कार्य शुरू होते ही नामकरण का विवाद फिर से गहरा गया है।

पहले भी नामकरण को लेकर हो चुके विवाद

कोसली और भाकली के बीच नामकरण को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है। मृदा एवं जल प्रयोगशाला के शिलान्यास और नामकरण के दौरान भी दोनों गांवों के बीच मतभेद हो गया था। कोसली के ग्रामीणों का कहना था कि परियोजना के टेंडर सहित संबंधित दस्तावेजों में कोसली का नाम दर्ज होने के बावजूद प्रयोगशाला का उद्घाटन भाकली के नाम से किया गया। दोनों गांवों के बीच नामकरण का विवाद पहले भी कई बार गहरा चुका है। किसान भवन और रेलवे ओवरब्रिज के नामकरण को लेकर भी दोनों गांव आमने-सामने आए थे। उस समय कोसली के लोगों ने चुनाव बहिष्कार तक का निर्णय लिया था। पूर्व में यह विवाद हिंसक संघर्ष में भी बदल गया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई थी और कई ग्रामीणों को जेल जाना पड़ा था। लंबे विवाद और हंगामे के बाद 13 अगस्त 2014 को दोनों गांवों के बीच आपसी सहमति बनी थी। समझौते में भविष्य में परियोजनाओं के नामकरण को लेकर विवाद नहीं करने पर सहमति बनी थी, लेकिन अब फिर से बस स्टैंड के नामकरण को लेकर विवाद शुरू हो गया है।

पीएनबी पेंशनर्स ने की मेडिकल बीमा पॉलिसी से संबंधित पहलुओं पर चर्चा



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। मंगलवार को अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसिएशन जिला यूनिट की कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन अंबेडकर भवन आजाद नगर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जीत सिंह टाईगर ने की। बैठक की शुरूआत जिला सचिव नारायण सिंह तंवर ने की। बैठक में पेंशनर्स के अनेक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। रिटायरिज स्टाफ के लिए मेडिकल बीमा पॉलिसी तथा पेंशन अपडेशन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। एसोसिएशन के सदस्यों ने आईबीए की पॉलिसी सहित अन्य कंपनियों की पॉलिसियों पर अपने विचार व्यक्त किए। दीपावली पर्व मनाने पर विचार-विमर्श किया गया तथा उपहार खरीदने के लिए 5 सदस्यीय परचेज कमेटी का गठन भी किया गया। बैठक में नानक चंद राजोरा, मोहन लाल तनेजा, महीपाल सिंह यादव, राजेंद्र सिंह अलवरिया, हरदयाल सिंह तोबड़यिा, हरीदत्त रुस्तगी, सुभाष चंद, सुरेद्र कुमार, राजिंद्र सिंह, विरेद्र कुमार खन्ना तथा निहाल सिंह मौजूद थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष जीत सिंह टाईगर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जाट समाज ने नशे की रोकथाम के लिए एएसपी को सौंपी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार को जाट समाज की जिला कार्यकारिणी ने एडिशनल एसपी दीपिका अग्रवाल से मुलाकात कर शिक्षण संस्थानों में बढ़ते सूखे नशे की समस्या को लेकर शिकायत सौंपी। समाज के प्रधान सूरत सिंह कटारिया, उप प्रधान धनपत सिंह बडेसरा, सचिव हंसराज कोच, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह धनखड़, युद्धवीर फोगाट व रणवीर जांगू ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में नशे की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि बच्चे नशे की गिरफ्त में आने से बचें और उनका भविष्य सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि समाज का उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर आगे बढ़े। बच्चों का भविष्य बचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



रेवाड़ी। एएसपी को शिकायत सौंपते हुए जाट समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी करने के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को अदालत से प्रोडक्सन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला बाड़मेर के गांव खारी निवासी गोरखा राम के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले मे तीन आरोपियो को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 18 जनवरी को मूल रूप से हिसार के गांव भैणी अमीरपुर हाल किरायेदार सेक्टर-4ए धारूहेड़ा निवासी अमरजीत ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 13 जनवरी को उसके पास एक मैसेज आया था। मैसेज में बताया गया था कि अगर वह वर्क फ्रॉम होम के जरिए पैसे कमाना चाहता है तो भेजे गए लिंक पर क्लिक करके अपना रजिस्ट्रेशन करा सकता है। उसने लिंक पर क्लिक करते हुए रजिस्ट्रेशन करा दिया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

आरोपी को न्यायिक हिरासत भेज दिया

रजिस्ट्रेशन होने के बाद उसे 66 रुपये मिले। इसके बाद लिंक के जरिए इंस्टॉल हुई ऐप पर उसने 100 रुपये जमा कराए, जिसके बदले उसे 230 रुपये मिले। ज्यादा टास्क करने के लिए उससे 900 रुपये जमा कराए गए। टास्क खत्म करने के बाद उसे 2036 रुपये मिले। इसके बाद वह चंगुल में फंसता चला गया। आरोपी ने उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए 202365 रुपये जमा करा लिए। जब उसने पैसे निकालने का प्रयास किया, तो उससे और पैसे जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद उसे साइबर ठगी का पता चला। पुलिस मामले में संलिप्त तीन आरोपी यूपी के जिला सरवास्ती के जमुना बाजार बरगदहा निवासी राजू अली, यूपी के जिला बहराईच के गांव अकबरपुर निवासी तुफैल अहमद व राजस्थान के जिला बाड़मेर के गांव सउओ की ढाणी हाल किराएदार मोहल्ला अंबेडकर कॉलोनी निवासी मनोज उर्फ मानाराम को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी गोरखा राम को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। आरोपी गोरखा राम ने आरोपी माना राम का बैंक खाता साइबर ठगो को आगे उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

डीईईओ ने किया गवर्नमेंट स्कूल सीहा का निरीक्षण



रेवाड़ी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार दहिया ने मंगलवार को सीहा स्थित सीएम ईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया तथा शिक्षकों व विद्यार्थियों को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर डीईईओ दहिया ने विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य, सभी कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, मिड-डे मील, खेल परिसर, सदन प्रकिया, बालिका मंच, टायलेट्स, किचन स्टोर, पेयजल प्रबंधन, साफ-सफाई,खेल नर्सरी, अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की रिपोर्ट, पीटीएम तथा पाठ्यक्रम प्रारूप की जानकारी ली। विद्यार्थियों को शैक्षणिक,सांस्कृतिक तथा खेलकूद की सभी गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षकों को टीमवर्क के साथ नवाचारी प्रारूप को धरातल पर लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जिला तथा राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया, एफएलएन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर चरणसिंह तथा सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

एसडीएम ने किया राजकीय विद्यालय भूरथला का निरीक्षण

■ निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शैक्षणिक कार्य में काफी सुधार की आवश्यकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

एसडीएम विजय कुमार यादव ने मंगलवार को गांव भुरथला के राजकीय उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ उप जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र यादव भी मौजूद रहे। एसडीएम ने राजकीय उच्च विद्यालय भुरथला का निरीक्षण करते हुए सफाई प्रबंध, शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं आदि का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई के बारे में बातचीत की और अब तक कराए गए पाठ्यक्रम से कुछ सवाल पूछे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शैक्षणिक कार्य में काफी सुधार की आवश्यकता है। क्लास में बच्चों को सिलेबस तो कराया गया है, लेकिन उन्हें पाठ्यक्रम का अभ्यास कम कराया गया। एसडीएम ने स्कूल के मुख्याध्यापक विजय गुप्ता को निर्देश दिए कि सभी अध्यापक वर्तमान समय को ध्यान में रखते हुए अपने अध्यापन विषय की ताजा जानकारी रखें। केवल किताबी ज्ञान तक बच्चों को सीमित न रखा जाए। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई तथा मिड-डे मील का राशन उचित ढंग से रखने पर भी जोर दिया। एसडीएम ने कहा कि वे दोबारा विद्यालय की शिक्षा में हुई प्रगति के बारे में जानकारी लेंगे। किसी कार्य में उदासीनता पाई गई तो फिर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने विद्यार्थियों को भी मन लगा कर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। स्कूल का निरीक्षण करते हुए एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

भक्ति कार्तिक मास का हुआ शुभारंभ, शिव मंदिर में महिलाओं ने लिया स्नान-दान का संकल्प

कार्तिक स्नान से सुख-समृद्धि, आरोग्य व मानसिक शांति मिलती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सनातन धर्म में हर माह का विशेष महत्व होता है। इन्हीं में से एक कार्तिक माह को पवित्र माह में गिना जाता है। मंगलवार को कार्तिक मास का शुभारंभ हो गया, जो आगामी 24 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा तक जारी रहेगा। आजाद चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में मंगलवार सुबह कार्तिक मास के शुभारंभ पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। महिलाओं ने ब्रह्म मुहूर्त में ठंडे जल से स्नान कर दीपदान और तुलसी पूजन का संकल्प लिया। मंदिर के पुजारी सुमन भारद्वाज ने बताया कि कार्तिक मास भगवान विष्णु और शिव दोनों को अति प्रिय है। इस महीने में सूर्योदय से पहले स्नान करने से अनंत फल मिलता है। यदि नदी में स्नान संभव न हो तो घर पर ही भगवान का ध्यान कर स्नान करने से भी वही पुण्य प्राप्त होता है। शास्त्रों के अनुसार कार्तिक स्नान से सुख-समृद्धि, आरोग्य और मानसिक शांति मिलती है और पूर्व जन्मों के पाप नष्ट होते हैं। इस मास में किया गया दान, व्रत और पूजा कई गुना फलदायी होता है। कार्तिक मास के दौरान प्रतिदिन सायंकाल दीपों से महादीपदान, तुलसी विवाह और कार्तिक पूर्णिमा पर मंदिर परिसर में सत्यनारायण कथा व हवन यज्ञ किया जाएगा। रोजाना सुबह 6 बजे कार्तिक महात्म्य कथा सुनाई जाएगी। इस अवसर पर सावित्री शर्मा, संतोष शर्मा, पूजा महेश्वरी, मीनाक्षी, सुनीता, सुमन, सीमा, ओमवती, रेणु, मीना, पूनम, पुष्पा व शकुंतला सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही।




रेवाड़ी। आजाद चौक स्थित शिव मंदिर में पूजा करते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करना अत्यंत लाभकारी

पंडित सुमन भारद्वाज ने बताया कि कार्तिक माह में जो भक्त श्रद्धा और नियमानुसार पूजा-पाठ करते हैं, उन पर भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण और माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती हैं। भजन, स्नान-दान, दीपदान और तुलसी पूजा जैसे रीति रिवाज को महत्व दिया जाता है। इन रीति रिवाजों को करके पुण्य की प्राप्ति होती है और पापों का नाश होता है। इसके साथ ही, जीवन में सुख और शांति बनी रहती है। इस पवित्र माह में भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण के मंत्रों का जाप करना अत्यंत लाभकारी होता है। माता लक्ष्मी की उपासना के लिए श्रीसूक्त, कनकधारा स्तोत्र, लक्ष्मी स्तोत्र और श्री विष्णु सहस्रनाम का पाठ करना शुभ माना जाता है। कार्तिक मास को श्रीकृष्ण भक्ति का श्रेष्ठ समय माना गया है। साथ ही, इस महीने नियमित रूप से तुलसी के पौधे और मंदिर में घी का दीपक जलाने का नियम अपनाना चाहिए। गंगा, यमुना या अन्य किसी पवित्र नदी में स्नान करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। इस समय किसी से झगड़ा न करें, अपने मन को शांत रखें और किसी की निंदा न करें।

बाल भवन में जिला परिवेदना समिति की बैठक कल

रेवाड़ी। जिले के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 29 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे बाल भवन में होगी, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों की सुनवाई की जाएगी, जिसमें 9 नए व 4 लंबित परिवाद शामिल हैं। इस अवसर पर जिले के विधायक, विभाग अध्यक्ष, पंचायत व निकाय समितियों के चेयरमैन तथा जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला




नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बानाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज़ पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



केनाल वैली पब्लिक स्कूल में हुआ प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम

पेंटिंग व फुटबॉल स्पर्धा से बच्चों को पढ़ाया नशा मुक्ति का पाठ

जिला पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने के साथ युवा पीढ़ी को सही राह दिखाने के लिए कर रही रचनात्मक प्रयास

- नागरिक अनजान लिंक, संदिग्ध कॉल के झांसे में न आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। फुटबॉल खिलाड़ी पुलिस टीम व शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने के साथ-साथ समाज को विशेषकर युवा पीढ़ी को सही राह दिखाने के लिए लगातार रचनात्मक प्रयास कर रही है। मंगलवार को थाना जाटूसाना पुलिस की ओर से गांव बरेली खुर्द स्थित केनाल वैली पब्लिक स्कूल में प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जाटूसाना थाना एसएचओ पीएसआई प्रिंस के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता और मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन कर जीवन के बड़े सबक सिखाए गए।

विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से समाज की दो गंभीर चुनौतियों नशा मुक्ति और साइबर सुरक्षा को पेंटिंग के माध्यम से उतारा। बच्चों की कलाकृतियों में नशे के दुष्प्रभावों और उससे होने वाले सामाजिक नुकसान के साथ-साथ डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी से बचने के सुरक्षा उपायों की बेहद सुंदर व सजीव झलक देखने को मिली। खेल मैदान में आयोजित रोमांचक मैत्री फुटबॉल मैच ने बच्चों और उपस्थित दर्शकों में जोश भर दिया। खेल भावना के साथ खेले गए इस मुकाबले ने यह साबित किया कि शारीरिक और मानसिक मजबूती के लिए खेल कितने जरूरी हैं। उन्होंने बच्चों को वर्तमान डिजिटल दौर में ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए भी जागरूक किया।

बिना लक्ष्य के जीवन दिशाहीन

पीएसआई प्रिंस ने कहा कि बिना लक्ष्य के जीवन दिशाहीन हो जाता है। छात्र जीवन में अनुशासन, समय की कीमत और निरंतर मेहनत ही सफलता की असल कुंजी हैं। नशे से दूरी ही स्वस्थ भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि नशा यह व्यक्ति के साथ-साथ उसके पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। इसलिए छात्र जीवन से ही इस अभिशाप से तौबा करें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

उन्होंने सलाह दी कि किसी भी अनजान लिंक, संदिग्ध कॉल या लुभावने प्रलोभन वाले मैसेज के झांसे में बिल्कुल न आएं। अपनी या अपने परिवार की कोई भी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर विशेष बल दिया।स्कूल के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने पुलिस टीम का आभार जताया।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत तस्वीरें सार्वजनिक रूप से पोस्ट करने से बचें: पीएसआई

- जिला पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के गुर सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डिजिटल युग में तेजी से बदलते साइबर अपराधों के प्रति आमजन को सतर्क करने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक क्षेत्रों, ग्रामीण अंचलों तथा व्यस्त सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को थाना रोहड़ाई से पीएसआई नवीन कुमार ने टीम के साथ गवर्नमेंट स्कूल पाल्हावास, साइबर थाना से पीएसआई राकेश कुमार ने गवर्नमेंट स्कूल गांव मूंदी तथा एएसआई संदीप कुमार ने गवर्नमेंट स्कूल मायण में विद्यार्थियों व शिक्षकों को डिजिटल दुनिया में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने करीब 800 विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए।

एआई की मदद से तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर ठग ब्लैकमेल करने का करते है प्रयास

पीएसआई नवीन कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक व स्नैपचैट पर अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट कभी स्वीकार न करें। साइबर अपराधी फर्जी प्रोफाइल बनाकर पहले दोस्ती करते हैं, विश्वास जीतकर निजी जानकारियां जुटाते हैं और बाद में उनका अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करते हैं। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत व संवेदनशील तस्वीरें सार्वजनिक रूप से पोस्ट करने से बचें। एआई व आधुनिक एडिटिंग टूल्स की मदद से तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ करके ब्लैकमेल करने का प्रयास करते हैं। ऐसी स्थिति में घबराने या पैसे देने के बजाय तुरंत अपने परिजनों, शिक्षकों अथवा पुलिस को सूचित करें। अनजान नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल को कभी भी रिसीव न करें।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले विभिन्न आधुनिक अपराधों के तौर-तरीके समझाए तथा उनसे बचाव के सुरक्षा उपाय साझा किए। साइबर ठग अश्लील वीडियो चलाकर स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर लेते हैं और फिर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग करते हैं। अपने सोशल मीडिया खातों में हमेशा मजबूत और जटिल पासवर्ड का उपयोग करें। टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य रूप से चालू रखें और प्राइवेसी सेटिंग्स को प्राइवेट मोड पर रखें। अपनी निजी दिनचर्या और लाइव लोकेशन कभी भी ऑनलाइन साझा न करें। पीएसआई ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन उत्पीड़न, ब्लैकमेलिंग या साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो बिना किसी संकोच के तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन: 1930 पर कॉल करें या साइबरक्राइम.जीओवी.इन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

जिले के तीन जवानों ने हासिल की शहादत

किसी भी राष्ट्र की बेहतरी के लिए सबसे जरूरी है कानून व्यवस्था: एसआई

- पुलिस स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



जिला पुलिस की ओर से मनाए जा रहे पुलिस स्मृति दिवस और झंडा दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को राष्ट्र निर्माण में पुलिस के योगदान और डायल-112 के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर लाइन ऑफिसर एसआई विजय कुमार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की बेहतरी के लिए सबसे जरूरी कानून व्यवस्था और आम नागरिकों को सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से अपनी इन तमाम भूमिकाओं को बेहतर ढंग से निभाते हुए न केवल देश की एकता-अखंडता को अक्षुण रखा जा रहा है, अपितु आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल भी दिया जा रहा है। इसकी वजह से आज आमजन में सुरक्षा की भावना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने हमेशा अपने कर्तव्य और ड्यूटी को निभाते हुए हर समय देशहित का ख्याल रखा है। इस दौरान कई पुलिस कर्मचारियों ने अपने कर्तव्य को निभाते समय समय पर अपने प्राणों का भी बलिदान दिया है। एसआई ने बच्चों से वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शहीदों की बदौलत ही हम आज आजादी की हवा में सांस ले रहे है तथा दुश्मनों से देश की सीमाएं सुरक्षित है। देश में पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। 21 अक्टूबर 1959 को केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल के दस जवानों ने लद्दाख में देश की सीमा की सुरक्षा करते हुए चीन की सेना के साथ हुई मुठभेड़ में अपने प्राण बलिदान किए थे तभी से लेकर आज तक समस्त देश में इस दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा की जिला पुलिस के तीन जवान एसआई रणबीर सिंह, एएसआई चंद्रहास व सिपाही माहीचंद ने भी अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए शहादत को हासिल किया है।

पुलिस ने नशा पीड़ित को डी एडिक्शन सेंटर में कराया भर्ती, अब तक 103 का हुआ इलाज

- पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर पाया जा सकता नियंत्रण : कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



पुलिस की नशा मुक्त टीम ने मंगलवार को गांव धामलावास में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने मंगलवार को एक नशा पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर डी एडिक्शन सेंटर में भी भर्ती कराया। नशा मुक्ति टीम ने अब तक नशे से पीड़ित 300 लोगों की पहचान की है, जोकि किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ित है। इसके अलावा 103 नशा पीड़ितों का इलाज कराया गया है। एएसआई कविता ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका प्रशासन की मदद से इलाज कराकर फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है।



महेंद्रगढ़। विशेषज्ञ व्याख्यान के बाद उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

वाल्मीकि जयंती पर हकेंवि में हुआ विशेष व्याख्यान

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में रामायण की शिक्षाओं का विद्यार्थी जीवन में महत्व विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि रामायण में जीवन का सार निहित है। महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं और आदर्शों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन में सुख, समृद्धि और नैतिक उन्नति प्राप्त कर सकता है। स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुमन रानी तथा पोषण विज्ञान विभाग की सहआचार्य डॉ. सविता बुधवार ने मुख्य वक्ता पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुरेंद्र का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. सुरेंद्र ने कहा कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के नैतिक मूल्यों, ईमानदारी, वचनबद्धता, कर्तव्यनिष्ठा और विनम्रता की शिक्षा देने वाला महत्वपूर्ण ग्रंथ है। मंच संचालन डॉ. निलेश ने किया। अंत में डॉ. सुमन रानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

करवा चौथ की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। हुडा सेक्टर में करवा चौथ की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हुडा सेक्टर स्थित डॉ. अंजू सिंघानिया पत्नी डॉ. अभिषेक सिंघानिया के निवास पर करवा चौथ की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सेक्टर की महिलाओं ने लाल रंग की पारंपरिक वेशभूषा और सोलह श्रृंगार के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर नृत्य किया तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करते हुए करवा चौथ की बधाई दी। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में करवा क्वीन उर्मिला गुप्ता बनी। इस अवसर पर डॉ. अंजू सिंघानिया ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ महिलाओं को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है।

लाला बिशन दयाल मेहता को दी श्रद्धांजलि

महेंद्रगढ़। लाला बिशन दयाल मेहता की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके पुत्र विजय मेहता, डॉ. ओमप्रकाश मेहता एवं शिवरतन मेहता ने अपने पिता की स्मृति में नगर के श्री मोदाश्रम महादेव मंदिर के नवनिर्माण कार्य के लिए दो लाख 51 हजार रुपये की राशि दान स्वरूप भेंट की। परिवार के सदस्यों ने अपने पिता की स्मृति को संजोते हुए मंदिर के नवनिर्माण में सहयोग देकर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। शिवरतन मेहता ने बताया की उनके पिता की इस पुण्यतिथि पर श्री मोदाश्रम मंदिर कमेटी को अपने घर बुलाकर मंदिर के नवनिर्माण में परिवार द्वारा दो लाख 51 हजार की दान राशि दी है।





कनीना। गुढ़ा गांव में मोहित चौधरी का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

धर्मसेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चलाया जनसंपर्क अभियान

कनीना। धर्मसेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित चौधरी ने मंगलवार को ब्लॉक के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर स्थानीय समस्याओं को सुना और अपने पिता भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए पिछले 12 वर्ष के दौरान जारी की गई ग्रांट का ब्यौरा भी ग्रामीणों के समक्ष रखा। उनके जनसंपर्क अभियान की शुरूआत सुबह नौ बजे गुढ़ा गांव से हुई। जहां ग्रामीणों ने उनका गर्म जोशी के साथ फूलमालाओं ओर पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत मोहित चौधरी केमला, खरकड़ा बास, धनौंदा, झाड़ली, छितरोली, उन्हानी, चेलावास होते हुए शाम को रसूलपुर पहुंचे। प्रत्येक गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों व युवाओं ने उनका फूल-मालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सभा के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल किल्लत, टूटी सड़कें, जल निकासी, खेल स्टेडियम, बिजली आपूर्ति जैसी मूलभूत समस्याएं उनके समक्ष रखीं। मोहित चौधरी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का तत्परता से समाधान कराया जाएगा।

जागरूक | पुलिस शहीद दिवस एवं झंडा दिवस पखवाड़ा के तहत राजकीय कॉलेज बावल में सेमिनार

आमजन के साथ सामंजस्य बढ़ाने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा: रणबीर सिंह

- सड़क जाम, जन-आंदोलन, कानून-व्यवस्था के साथ-साथ बिजली-पानी जैसी बुनियादी के लिए पुलिस रहती है तैनात : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को संबोधित करते रणबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की ओर से पुलिस शहीद दिवस एवं झंडा दिवस पखवाड़ा के तहत मंगलवार को राजकीय कॉलेज बावल में सेमिनार का आयोजन किया गया। बावल थाना एसएचओ इंस्पेक्टर रणवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों के बीच पुलिस की कार्यप्रणाली, सामाजिक उत्तरदायित्वों तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनके योगदान के प्रति एक सकारात्मक और सहयोगी दृष्टिकोण विकसित करना था। इस मौके पर एसएचओ रणवीर सिंह ने कहा कि आज की पुलिस व्यवस्था औपनिवेशिक मानसिकता से बहुत आगे निकल चुकी है। अब पुलिस राजतंत्र के डंडे की बजाय प्रजातांत्रिक मूल्यों और मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर जनता के सेवक के रूप में कार्य करती है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मजबूत चेक एंड बैलेंस प्रणाली मौजूद है, जहां थाना प्रभारी के ऊपर उप पुलिस अधीक्षक और उनके ऊपर पुलिस अधीक्षक स्तर पर प्रत्येक गतिविधि की निरंतर निगरानी की जाती है।

इंस्पेक्टर सिंह ने पुलिस के सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क जाम, जन-आंदोलन, कानून-व्यवस्था के साथ-साथ बिजली-पानी जैसी बुनियादी नागरिक समस्याओं के समय भी पुलिस सदैव सहायता के लिए अग्रिम पंक्ति में तैनात रहती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान आम नागरिकों को परेशानी न हो, इसके लिए पुलिसकर्मियों ने दिन-रात मुस्तैद रहकर व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। एसएचओ ने कहा कि पुलिस भी इसी समाज का एक अभिन्न अंग है। कई बार लोग त्वरित न्याय की उम्मीद में सड़कों को जाम कर देते हैं, जिससे आमजन को भारी असुविधा होती है। किसी भी कानूनी प्रक्रिया या जटिल समस्या की निष्पक्ष जांच और समाधान में समय लगता है, उसका तुरंत समाधान संभव नहीं होता। कानून का पालन कराना और उसे लागू करना पुलिस का दायित्व है ताकि समाज शांतिपूर्वक जीवन यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि मानवीय स्वभाव के अनुसार निर्णयों में त्रुटि संभव है, लेकिन विभाग के अधिकांश पुलिसकर्मी अपने सुख-चैन का त्याग कर समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए जीवन समर्पित कर देते हैं। विभाग में आमजन के साथ संवाद और सामंजस्य बढ़ाने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को समय पर न्याय और सुरक्षा मिल सकें।

शहीदों के बलिदान को किया गया नमन

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डा. निमिता तथा अंग्रेजी प्राध्यापिका डा. किरण ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने पुलिस शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए विद्यार्थियों से कानून का सम्मान करने, समाज में शांति बनाए रखने और एक जागरूक नागरिक के रूप में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बव्वा में दो नये ग्रामीण सफाई कर्मी नियुक्त किये जाने हैं। जिसके लिए खण्ड कार्यालय नाहड़ में दिनांक 29.10.2026 से 6.11.2026 तक (अवकाश को छोड़कर) आवेदन लिए जाएंगे तथा इसके लिए साक्षात्कार दिनांक 10.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे खण्ड कार्यालय नाहड़ में होगा।

मुनेश कुमारी सरपंच (कार्यवाहक)
ग्राम पंचायत बव्वा जिला रेवाड़ी (हरि.)

सूचना

मैं, सुमित्रा (SUMITRA) पत्नी दर्शन पाल निवासी गुगोढ तह. कोसली जिला रेवाडी हरियाणा बयान करती हूं कि विकास कुमार मेरा सगा पुत्र है। जिसकी मैट्रीक व बारहवीं कक्षा की अंकतालिका व अन्य दस्तावेजों में माता का नाम सविता देवी (SAVITA DEVI) दर्ज है। परन्तु मेरे आधारकार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सुमित्रा (SUMITRA) दर्ज है । उपरोक्त दोनों नाम सविता देवी (SAVITA DEVI) व सुमित्रा (SUMITRA) मेरे स्वयं के तथा एक ही व्यक्ति के हैं।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामपुरी खण्ड-डहीना, जिला रेवाड़ी में ट्यूबैल आपरेटर का पद खाली है। जिसमें ट्यूबवैल आपरेटर वाटर सप्लाई चालक की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28.10.2026 से दिनांक 28.11.2026 तक खण्ड कार्यालय डहीना / सरपंच ग्राम पंचायत-रामपुरी के पास आवेदन जमा कर सकता है।

हस्ता/- कविता, सरपंच, ग्राम पंचायत रामपुरी
खण्ड डहीना (रेवाड़ी)



जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में चलाया स्वच्छता अभियान

रेवाड़ी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार विशेष अभियान-6 के अंतर्गत जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्यकर वातावरण बनाए रखने के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया के मार्गदर्शन तथा उप सिविल सर्जन डा. जोगेंद्र तंवर की देखरेख में जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में कायाकल्प कार्यक्रम के तहत स्वच्छता एवं साफ-सफाई संबंधी गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अस्पताल परिसर, ओपीडी, वार्डों, प्रतीक्षालयों एवं शौचालयों की गहन सफाई, जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उचित निस्तारण, हाथों की स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण के नियमों की पालना तथा जैव चिकित्सा अपशिष्ट के उचित प्रबंधन किया जा रहा है। मंगलवार को स्वास्थ्य संस्थानों के आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर लोगों को डेंगू व मलेरिया बीमारियों को लेकर जागरूक किया गया तथा बीमारियों से बचाव के टिप्स दिए गए।

बाल महोत्सव के चौथे दिन मुख्य अतिथि एसडीएम दलबीर सिंह रहे

बच्चों ने देशभक्ति, नृत्य से बिखेरे प्रतिभा के रंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी













जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में चल रहे बाल महोत्सव के चौथे दिन मंगलवार को मुख्य अतिथि एसडीएम दलबीर सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों ने पेट्रीओटिक ग्रुप सॉन्ग चतुर्थ वर्ग, क्लासिकल सोलो डांस द्वितीय व तृतीय वर्ग, ग्रुप डांस द्वितीय वर्ग और स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट द्वितीय व तृतीय वर्ग की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में 8 सरकारी विद्यालयों सहित कुल 40 विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बाल महोत्सव में बच्चों को अपनी कला निखारने का एक मंच मिलता है, आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। उन्होने बाल महोत्सव के प्रबंधन की सराहना की। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

दोपहर बाद के कार्यक्रम में अर्चना कोहली प्रिन्सिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी, आलोक आनन्द सिविल जज बावल ने शिरकत की और बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि 28 अक्टूबर को बाल महोत्सव के अंतर्गत सोलो डांस प्रथम व द्वितीय वर्ग, स्कैचिंग ऑन-द-स्पॉट चतुर्थ वर्ग तथा मेहंदी रचाओ प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होने बताया कि हरियाणा दिवस के अवसर पर एक नवंबर को रागिनी के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र रागिनी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा दिवस के साथ ही जिला रेवाड़ी का स्थापना दिवस भी धूमधाम व उल्लास से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में परिषद की समिति के गैर सरकारी सदस्य मनोज यादव, अनीता यादव, प्रिंसिपल सैनी पब्लिक स्कूल, डा. रेखा प्रिंसिपल कैनाल वेल्ली पब्लिक स्कूल, डा. ज्योत्सना यादव, पिंकी पीओ बाल भवन, अजमेर गोदारा पीओ आस्था कुंज व रोशनी सुपरवाइजर सहित बाल भवन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

ये रहे मंगलवार की स्पर्धाओं के रिजल्ट

देशभक्ति समूहगान ग्रुप चार: प्रथम यशस्वी एंड टीम आरपीएस पब्लिक स्कूल, द्वितीय दीक्षिता यादव एंड टीम राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल तथा तृतीय वैशाली एंड टीम कैनाल वैली पब्लिक स्कूल।

क्लासिकल डांस ग्रुप दो: प्रथम पूर्वी रोहिल्ला आरपीएस पब्लिक स्कूल, द्वितीय अस्वी आरपीएस बीएमजी तथा तृतीय नव्या गुप्ता केरला पब्लिक स्कूल।

क्लासिकल डांस ग्रुप तीन: प्रथम मोनिका दायमा आरपीएस पब्लिक स्कूल, द्वितीय अमेया जैन पब्लिक स्कूल तथा तृतीय कदम केरला पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

स्केचिंग ऑन दा स्पाट ग्रुप दो: प्रथम हितेश कैनाल वैली पब्लिक स्कूल, द्वितीय खुशी आरपीएस पब्लिक स्कूल तथा तृतीय नितिन डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल।

स्केचिंग ऑन दा स्पाट ग्रुप तीन: प्रथम प्रांशु यादव आरपीएस पब्लिक स्कूल, द्वितीय लक्ष्य केरला पब्लिक स्कूल तथा तृतीय एंजेलिना होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल व रेयान कैनाल वैली पब्लिक स्कूल।

शिक्षक दुर्गा सिंह व अरुण को मिला प्रतिष्ठित इंडिया स्कूल लीडरशिप अवार्ड



रेवाड़ी। सैनिक स्कूल के शिक्षक दुर्गा सिंह व अरुण कुमार द्विवेदी को इंडिया स्कूल लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स में प्रतिष्ठित इंडिया स्कूल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सीडी देशमुख ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। विद्यालय प्रमुखों, नीति निमार्ताओं और शिक्षा जगत से जुडे विशेषज्ञों का प्रतिष्ठित मंच वर्ल्ड अलायंस ऑफ स्कूल प्रिंसिपल्स की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वैश्विक शैक्षिक नेतृत्व, उत्कृष्ट नवाचारों, और शिक्षा जगत के दूरदर्शी दिग्गजों को एक साझा मंच प्रदान करना था। पुरस्कार प्यूर्टो रिको की जानी-मानी उद्यमी डा. वर्जीनिया रिवेरा और मुख्य अतिथि एएएफटी के चांसलर डा. संदीप मारवाह ने प्रदान किया। इस अवसर पर वर्ल्ड एलायंस ऑफ स्कूल प्रिंसिपल्स की संस्थापक सीईओ डा. दीपशिखा भी मौजूद थीं। साथ ही मंच पर शिक्षा,राजनीति व सामाजिक जगत की नामचीन हस्तियों की भी मौजूदगी रहीं। डब्ल्यूए एसपी की ओर से आयोजित समिट का प्रयोजन वैश्विक शिक्षा नेतृत्व को एक साथ लाना और शिक्षा के क्षेत्र में नए विचारों, नेतृत्व गुणों तथा आपसी सहयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विश्व के कई देशों व भारत के 15 राज्यों से आए प्रख्यात शिक्षाविद, स्कूल प्रधानाचार्य और शिक्षा प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर अवार्डी शिक्षकों ने कहा कि वे छात्रों की बेहतरी के लिए काम करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने वर्ल्ड अलायंस ऑफ स्कूल प्रिंसिपल्स के पदाधिकारियों, साथियों, परिवार के सदस्यों और शिक्षा प्रेमियों को इस उपलब्धि पर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित करते हैं और समाज के प्रति उनकी बहुमूल्य सेवा को मान्यता देते हैं।

जयंती पर सेमिनार का आयोजन

महाराजा अग्रसेन के आदर्श समानता, अहिंसा, सामाजिक एकता और परस्पर सहयोग की प्रेरणा देते: विपुल गोयल





रेवाड़ी। आईजीयू में कार्यक्रम का शुभारंभ करते व कार्यक्रम में दानदाताओं को सम्मानित करते मंत्री विपुल गोयल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

प्रदेश के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्श समानता, अहिंसा, सामाजिक एकता और परस्पर सहयोग की प्रेरणा देते हैं। उनकी एक ईंट-एक रुपया की परंपरा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सहयोग देने और जरूरतमंदों को सशक्त बनाने का संदेश देती है। लगभग 5 हजार वर्ष पहले महाराजा अग्रसेन की ओर से दिए गए मूलमंत्र आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं और भविष्य में भी समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। कैबिनेट मंत्री गोयल मंगलवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आधुनिक युग में अग्रसेन का दर्शन:सामाजिक जिम्मेदारी से लेकर स्टार्टअप और पेशेवर उत्कृष्टता तक विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष एवं सोनीपत के मेयर राजीव जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम , कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली और नगर परिषद की चेयरपर्सन विनीता पीपल भी मौजूद रहीं।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएमसी प्रदीप अहलावत, तहसीलदार रमन कुंडू, हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के सचिव दुर्गा दत्त गोयल, जिला अध्यक्ष बृजलाल गोयल, रिपुदमन गुप्ता व अजय मित्तल सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मोबाइल फोन हैक से ठगी की घटनाएं बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मोबाइल फोन हैक करने के बाद बैंक खातों से नकदी दूसरे खातों में ट्रांसफर करने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। साइबर ठगों ने एक कंपनी कर्मचारी के बैंक खातों से 4.70 लाख रुपये और किसान के खातों से 2.75 लाख रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामलों की जांच शुरू कर दी।

> कंपनी कर्मी के बैंक खातों से उड़ाए 4.70 लाख, किसान के खातों से ट्रांसफर किए 2.75 लाख

बोलनी निवासी निजी कंपनी में कार्यरत रोहित ने पुलिस शिकायत में बताया कि 12 अक्टूबर को उसके मोबाइल फोन पर फोन-पे और गूगल-पे चलने बंद हो गए थे। उसका मोबाइल फोन अपने आप बैक होने लगा। काफी प्रयास करने के बाद भी फोन रिसेट नहीं हुआ। उसके दोनों साफ्टवेयर चलने बंद हो गए। 24 अक्टूबर को उसने अपना मोबाइल फोन रिसेट कराने के बाद सॉफ्टवेयर अपडेट कराया। मोबाइल ठीक होने के बाद जब उसने फोन-पे और गूगल-पे पर अपनी आईडी लॉगिन की, तो उसे बैंक खातों से बड़ी रकम निकाले जाने का पता चला। उसके पास इस संबंध में कोई कॉल या मैसेज प्राप्त नहीं हुआ था। उसे यह भी जानकारी नहीं है कि अनजाने में उनके मोबाइल में कोई संदिग्ध एप्लिकेशन इंस्टॉल हुई थी या नहीं। उसके सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की बोलनी शाखा स्थित खाते से 12 अक्टूबर को 95900 रुपये, 14 अक्टूबर को 96690 रुपये और 15 अक्टूबर को 97898 रुपये निकाले गए। इस खाते से कुल 290488 रुपये की निकासी हुई।

किसान के चार खाते किए खाली

मोतला खुर्द निवासी किसान विनोद कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि गत 19 अक्टूबर को उसके मोबाइल फोन पर एपीके फाइल का लिंक आया था। उसके बाद उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। उसके एचडीएफसी बैंक खाते से 99 हजार रुपये, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 99 हजार रुपये और आईडीबीआई बैंक के खाते से 37 हजार रुपये निकाल लिए गए। एक्सिस बैंक खाते से भी 40 हजार रुपये निकाल लिए गए। उसके चारों बैंक खातों से कुल 2 लाख 75 हजार रुपये उड़ा दिए।

दस साल की कमाई 10 मिनट में साफ

कंपनी में कार्यरत रोहित ने बताया कि वह कंपनी में 10 साल से कार्य कर रहा है। उसने दिन-रात अपनी मेहनत की कमाई कई सालों से जोड़नी शुरू की हुई थी। इसके बाद बैंक खातों में यह रकम एकत्रित हुई थी। साइबर ठगों ने एक झटके में उसके दोनों बैंक खाते खाली कर दिए, जिससे उसके सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उसने साइबर थाना पुलिस ने अपनी मेहनत की कमाई वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

स्कूलों में गुणात्मक सुधार करना मुखियाओं व शिक्षकों की सर्वोच्च प्राथमिकता: दहिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार दहिया ने कहा कि बुनियादी शिक्षा में परंपरागत पद्धति के साथ अब नवाचारी प्रारूप को शामिल करते हुए शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए शिक्षकों को कार्य करना होगा। डीईईओ दहिया ने मंगलवार को खोल के खंड संसाधान कार्यालय में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने खोल खंड में चल रहे जेबीटी ट्रेनिंग कार्यक्रम का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक बीईओ सत्यवीर नाहड़िया, एफएलएन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर चरणसिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पूजा यादव, मास्टर ट्रेनर मेनका, सभी बीआरपी, एबीआरसी तथा 43 प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

बव्वा में सीसी रोड पर उड़ती धूल बनी आफत, ग्रामीणों का सांस लेना दुर्भर

कोसली। कोसली उपमंडल के गांव बव्वा में रास्ते में उड़ती धूल के गुब्बार ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। गाहड़ा रोड के भट्ठे पर सीहोर रोड के खेतों से मिट्टी की खुदाई कर रोजाना ट्रैक्टरों के जरिए ढुलाई की जा रही है। क्षमता से अधिक मिट्टी लादकर दौड़ रहे इन ट्रैक्टरों के कारण पूरी सड़क पर मिट्टी बिखर रही है, जिससे उठने वाली धूल से वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब डेढ़ महीने से लगातार मिट्टी की ढुलाई का कार्य जारी है। इस समय दीपावली का त्यौहार नजदीक है और लोग अपने घरों की साफ-सफाई में जुटे हुए हैं। लेकिन सड़कों से उड़ती धूल सीधे लोगों के घरों में समा रही है, जिससे सफाई का सारा काम बेकार साबित हो रहा है। अत्यधिक धूल के कारण गांव के बुजुर्गों और बच्चों को सांस लेने में भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार भारी लोड लेकर गुजरने वाले इन ट्रैक्टरों की वजह से गांव का मुख्य रास्ता भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। परेशान ग्रामीणों ने जिला व उपमंडल प्रशासन से गुहार लगाते हुए इन ट्रैक्टरों के संचालन को तुरंत प्रभाव से बंद कराने और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



पेंशनर्स को नवंबर में जमा कराना होगा जीवन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार से पेंशन प्राप्त कर रहे रिटायर्ड पेंशनर्स को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए नवंबर माह में जीवित होने का प्रमाण पत्र देना है। इसकी प्रक्रिया खजाना कार्यालय और उप खजाना कार्यालयों में 1 नवंबर से शुरू होगी। जिला कोषाधिकारी अंजली ने बताया कि वर्ष 2012 के बाद रिटायर हुए और खजाना या उप खजाना कार्यालयों से पेंशन ले रहे पेंशनर्स को खजाना कार्यालय में बायोमैट्रिक जीवन प्रमाण पत्र देना है, जबकि बैंक से पेंशन लेने वाले पेंशनर्स अपना प्रमाण पत्र बैंक में जमा कराएंगे। जिन पेंशनरों का नाम ए, बी, सी और डी से शुरू होता है, वे 2, 3, 4 और 5 नवंबर को, ई, एफ, जी, एच, आई और जे से शुरू होने वाले नाम वाले पेंशनर 6, 10, 11 और 12 नवंबर को, के, एल, एम, एन, ओ, पी, क्यू और आर वाले पेंशनर 13, 16, 17, 18 और 19 नवंबर को, एस, टी, यू, वी, डब्ल्यू, एक्स, वाई और जेड वाले पेंशनर 20, 23, 25, 26 और 27 नवंबर को अपना प्रमाण पत्र जमा करा सकते हैं। जो पेंशनर किसी कारणवश तय तिथि पर नहीं आ पाए, वे 30 नवंबर को अपना प्रमाण पत्र जमा करा सकते हैं।

भ्रष्टाचार मुक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र के लिए नागरिकों को सत्यनिष्ठ होना जरूरी



बावल। सीएम ईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगथला में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सत्यनिष्ठा से समृद्धि विषय पर विचार गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या मंजु बाई ने की, जबकि मंच संचालन एवं कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी प्राध्यापक हर्ष कुमार ने किया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के प्रति चेतना जागृत करना रहा। इस मौके पर प्राध्यापक हर्ष कुमार ने सतर्कता और नैतिकता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की नींव नागरिकों की ईमानदारी और सजगता पर टिकी होती है। उन्होंने कहा कि राज्य व राष्ट्रीय स्तर के कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए आम नागरिकों का जागरूक होना बेहद आवश्यक है। इस मौके पर सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली तथा दैनिक जीवन में ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर प्राध्यापक संदीप यादव, प्राध्यापक डा. पंकज, अध्यापिका रीटा एवं पीटीआई सुरेश सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 1500/- रु. 2000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260


जलभराव से भवन की संरचना पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव की जांच कराने की मांग

कर्मचारियों व लोगों के लिए असुरक्षित हो रहा तहसील कार्यालय, मानव अधिकार आयोग पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के तहसील कार्यालय की जर्जर इमारत, दीवारों में दरारें, बारिश के दौरान जलभराव, कूड़े के ढेर और बदहाल शौचालय व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। तहसील कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने जरूरी राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में भवन की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं की बदहाली कर्मचारियों तथा आम नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने मामले को लेकर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने हरियाणा राज्य मानव अधिकार आयोग को भी शिकायत भेजकर मामले में हस्तक्षेप करने और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का आग्रह किया है।







रेवाड़ी। गढी बोलनी रोड स्थित तहसील कार्यालय, तहसील कार्यालय के जर्जर हालत तथा तहसील कार्यालय में जमा कचरा। फोटो : हरिभूमि

1980 के आसपास बना था भवन

तहसील कार्यालय का भवन वर्ष 1980 के आसपास बनाया गया था। वर्तमान में इसकी दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आने और भवन की जर्जर स्थिति को लेकर चिंता जताई गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि भवन की संरचनात्मक सुरक्षा पर गंभीर सवाल हैं, तो कर्मचारियों और आम नागरिकों को संभावित खतरे के बीच कामकाज करने देने के बजाय तत्काल सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए। मामले में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य लोक निर्माण विभाग बी एंड आर के पत्र क्रमांक 21329, 2 दिसंबर 2025 को बताया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, विभाग ने भवन की स्थिति को असुरक्षित बताते हुए इसे हटाकर नए सिरे से आरआरसी फ्रेम्ड स्ट्रक्चर में निर्माण कराने की सिफारिश की थी। इसके बावजूद नए भवन के निर्माण की दिशा में अब तक हुई कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए गए हैं।

कूड़े के ढेर और शौचालयों की बदहाल स्थिति

शिकायत में कमरा नंबर-8 के पास कचरा जमा रहने और नियमित सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया है। तहसील परिसर में शौचालयों की स्थिति खराब होने के कारण नागरिकों को परेशानी होने की बात कही गई है। महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए स्वच्छ एवं उपयोग योग्य शौचालयों की व्यवस्था करने की मांग की है।

बारिश में डेढ़ फुट तक पानी भरने की शिकायत

तहसील परिसर मुख्य सड़क के स्तर से नीचे होने के कारण बारिश के दौरान यहां करीब एक से डेढ़ फुट तक पानी भर जाने की शिकायत है। इससे कार्यालय के कामकाज, नागरिकों के आवागमन और दस्तावेजों की सुरक्षा पर असर पड़ता है। लगातार जलभराव से भवन की संरचना पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव की जांच कराने की मांग भी की गई है।

पर्यावरण पर पोस्टर मेकिंग में बीकॉम की रितु बनी विजेता

कोसली। कोसली स्थित डीएवी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को रेडक्रॉस समिति की ओर से से पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा पर्यावरण के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना था। छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बीकॉम की छात्रा रितु ने प्रथम, निकिता ने द्वितीय तथा शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. सुनीता कालरा, दीपा कुमारी, शाहरून व अनीता ने निर्णायक मंडल के रूप में पोस्टरों की रचनात्मक, विषयवस्तु एवं प्रस्तुति के आधार पर परिणाम घोषित किए गए। प्राचार्य डा. जय सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया।

